# 20 हजार की रिश्वत लेते रीडर गिरफ्तार


**सिवनी नवभारत। भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के तहत पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के निर्देश एवं पुलिस उप महानिरीक्षक लोकायुक्त मनोज सिंह के मार्गदर्शन में लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अपर कलेक्टर कार्यालय से जुड़े रीडर को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।**

**लोकायुक्त जबलपुर की ट्रैप कार्रवाई, एडीएम कार्यालय सिवनी में मचा हड़कंप**

लोकायुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक संतोष सिंह सिसोदिया, पिता स्वर्गीय रामायण सिंह, निवासी ग्राम गंगादाना, तहसील छपारा, जिला सिवनी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके ग्राम स्थित पैतृक भूमि पर लगे जामुन एवं अन्य वृक्ष, जो खसरा के कॉलम क्रमांक-12 में दर्ज थे, अज्ञात व्यक्तियों द्वारा काट दिए गए थे। इसकी सूचना उन्होंने संबंधित थाने में दी थी। इसी मामले में विरोधी पक्ष द्वारा एसडीएम कार्यालय लखनादौन में शिकायत की गई, जिसमें आवेदक के विरुद्ध निर्णय पारित हो गया था।

उक्त निर्णय के विरुद्ध आवेदक ने एडीएम कार्यालय में अपील प्रस्तुत की थी। आरोप है कि एडीएम कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 एवं रीडर माधव प्रसाद तिवारी, पिता स्वर्गीय टीकाराम तिवारी, उम्र 60 वर्ष ने आवेदक के पक्ष में निर्णय कराने के लिए 30 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। बाद में सौदा 20 हजार रुपये में तय हुआ।

शिकायत का सत्यापन कराने के बाद लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने मंगलवार, 16 जून 2026 को योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी माधव प्रसाद तिवारी को कार्यालय अपर कलेक्टर सिवनी स्थित उपभोक्ता फोरम बिल्डिंग के पोर्च में आवेदक से 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया।



**प्रशासनिक महकमे में हड़कंप की स्थिति**

लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7, 13(1)(बी) एवं 13(2) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। इस ट्रैप कार्रवाई में ट्रैप दल अधिकारी निरीक्षक उमा कुशवाह, निरीक्षक बृजमोहन सिंह नरवरिया सहित लोकायुक्त जबलपुर की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस कार्रवाई के बाद जिला प्रशासनिक महकमे में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

# जनकल्याण शिविर में पहुंचीं कलेक्टर नेहा मीना

**अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश, किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए किया प्रेरित**



**कुरई नवभारत।** जिले में आमजन को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित जनकल्याण शिविर का निरीक्षण करने पहुंचीं कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने शिविर में पहुंचे नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं, मांगें एवं शिकायतें सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने अधिकारियों से कहा कि शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराया जाए तथा जरूरतमंदों को आवश्यक सहायता प्रदान करने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की हिदायत दी।

इस दौरान कलेक्टर ने शिविर में उपस्थित किसानों से भी चर्चा की और उन्हें प्राकृतिक खेती के महत्व एवं लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती अपनाने से कृषि उत्पादन की लागत में कमी आती है, भूमि की उर्वरता बनी रहती है तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाएं तथा उन्हें आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन और सहयोग उपलब्ध कराएं।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने कहा कि जनकल्याण शिविरों का मुख्य उद्देश्य विभिन्न शासकीय सेवाओं और योजनाओं को एक ही स्थान पर आमजन तक पहुंचाना है। इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का समय-सीमा में निराकरण हो तथा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचे।

निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरई श्री प्रशांत उइके सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### सभापति स्व. ज्ञानसिंह चौधरी को दी गई श्रद्धांजलि



**बरघाट।** नगर परिषद बरघाट के वार्ड क्रमांक 06 के सभापति एवं पार्षद ज्ञानसिंह चौधरी जी का 07 जून को दुखद निधन हो गया। वे शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त थे। श्री चौधरी अपने सरल स्वभाव और कार्यकुशलता के लिए जाने जाते थे। अपने कार्यकाल में उन्होंने नगर एवं वार्ड हित में कई जनकल्याणकारी कार्य कराए। गुरुवार को नगर परिषद कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में दिवंगत नेता के पुत्र दीपक चौधरी एवं पुत्री डॉ. मनीषा चौधरी मौजूद रहे। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इमरता साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती ममता अनिल पाठक, सभापति हेमंत राहंगडाले, श्रीमती निधि ऋषभ जायसवाल, असंत उइके, पार्षद श्रीमती संध्या अनिल सिंह ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि अंशुल पंवार, विधायक प्रतिनिधि सुजीत सिंह सूर्यवंशी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी वेदप्रकाश पुरी गोस्वामी सहित समस्त जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने नम आँखों से स्व. चौधरी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

### विधायक ने जनकल्याण शिविर में की सहभागिता

**सिवनी।** मंगलवार, 16 जून 2026 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जनपद पंचायत प्रांगण सिवनी में मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय खण्ड स्तरीय जनकल्याण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विभागीय अधिकारियों द्वारा विधायक दिनेश राय मुनमुन का स्वागत किया गया। अपने संबोधन में विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि यह शिविर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रत्येक जनपद में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य केवल औपचारिकता निभाना नहीं, बल्कि आमजन को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाने से बचाना है। राशन कार्ड, आयुष्मान योजना, किसान कल्याण योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए सभी विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि शिविर की वास्तविक सफलता तभी है, जब समाज के अंतिम छोर पर बैठे प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को इसका लाभ मिले और उसकी समस्याओं का समाधान हो। मुख्यमंत्री इस शिविर को लेकर बेहद गंभीर हैं, इसलिए सभी विभागीय अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ जनता की समस्याएं सुनकर मौके पर ही संतुष्टिपूर्ण एवं त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना चाहिए। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने तथा अपनी समस्याओं को संबंधित स्टॉल पर दर्ज कराने का आग्रह किया। इसके पश्चात विधायक के करकमलों से विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया तथा प्रांगण में लगाए गए विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मालती डहेरिया, जनपद अध्यक्ष किरण भलावी, नगरपालिका उपाध्यक्ष डाली डागोर, एल्डरमैन वंदना बैस, राकेश बैस, अहफाज खान, अनुविभागीय अधिकारी रेखा देशमुख, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लोकेश साहू, सचिव राजेन्द्र यादव, सचिव बसंत राय, प्रदीप चौरसिया सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, हितग्राही एवं आवेदक उपस्थित रहे।



# राधिका टाउन के फेज-2 का हुआ शुभारंभ


**सिवनी नवभारत।** जबलपुर रोड में ज्यारत नाका के पास सर्वसुविधायुक्त राधिका टाउन को मिले अपार विश्वास और सहयोग के बाद एक बार फिर राधिका टाउन फेज 2 का शुभारंभ किया गया ताकि लोगों को बेहतर माहौल के बीच अपना आशियाना मिल सके। राधिका टाउन के संचालक अवधेश बघेल ने बताया कि उन्होंने सर्वसुविधायुक्त राधिका टाउन का निर्माण कराया ताकि सिवनी शहर के भीतर लोगो को मूलभूत सुविधाओं के साथ प्लॉट उपलब्ध हो सके ताकि वह अपने सपनों का घर बना सकें। पहले फेज में जिस तरह से जिले वासियों ने विश्वास कर उनके प्रोजेक्ट को सफल बनाया उसके बाद राधिका टाउन दूसरे फेज का शुभारंभ 16 जून को किया गया। अवधेश बघेल ने बताया कि राधिका टाउन फेज 2 कालोनी भी रेरा अप्रूव्ड कॉलोनी है जिसमें

,अंडरग्राउंड नालिया, पानी की टंकी ,चौड़ी सड़को की सुविधा, बच्चों के मनोरंजन के लिए सुंदर आकर्षक गार्डन, आकर्षक प्रवेश द्वार स्ट्रीट लाईट एव बिजली की सुविधा, स्विमिंगपूल सुविधा जिम सुविधा के साथ साथ भव्य मंदिर भी है। खास बात यह है कि राधिका टाउन फेज 2 में 80त्न फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है। श्री बघेल ने अपील किया है कि पारिवारिक माहौल के बीच आप अपने सपनों का घर बनाना चाहते हैं तो एक बार राधिका टाउन फेज 2 में अवश्य पहुंचे । इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए 9407055151, 9183655151 में संपर्क करे।




### सहायक प्राध्यापक का स्थानातरण

**सिवनी।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में विगत 20 वर्षों से जमे एक सहायक प्राध्यापक श्री पवन कुमार वासनिक का शिकायती स्थानांतरण शासकीय महाविद्यालय सांईखेड़ा हुआ है। विगत अनेक वर्षों से इनके संबंध में विद्यार्थियों और नागरिकों के द्वारा शिकायतें प्राप्त हो रही थी किंतु हर बार कोई ना कोई तिकड़म लगा करके यह बच जाते थे इस बार इनका जुगाड़ नहीं लग पाया महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों से मुंह मोड़कर केवल प्रचार प्रसार और नाम के लिए प्रयास करना तथा भेदभावपूर्ण व्यवहार, प्राध्यापकों के बीच में गुटबाजी राजनीति करना और प्रतिकूल संगठनों की मदद से रोब गांठते हुए नेतागिरी करने में माहिर वासनिक का स्थानांतरण होने से महाविद्यालय की शैक्षणिक और एनसीसी गतिविधियों में सुधार आएगा।



# भव्य श्याम तोरण द्वार के भूमिपूजन समारोह का आयोजन 17 जून को

**सिवनी नवभारत।** श्री श्याम परिवार समिति सिवनी द्वारा यह जानकारी दी गई है कि विधायक निधि से निर्मित होने वाले भव्य श्याम तोरण द्वार के निर्माण कार्य का भूमिपूजन समारोह 17 जून 2026, बुधवार को दोपहर 2 बजे आयोजित किया जाएगा। यह भव्य तोरण द्वार श्री श्याम मंदिर परिसर, गुरुकुल स्कूल के सामने, ऑरेंज सिटी कॉलोनी, नागपुर रोड, सिवनी में निर्मित किया जाएगा, जो क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को नई गरिमा प्रदान करेगा। समिति के अनुसार इस शुभ अवसर पर सिवनी के लोकप्रिय विधायक दिनेश राय मुनमुन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि भाजपा जिला महामंत्री संतोष अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। श्री श्याम परिवार समिति ने बताया कि यह तोरण द्वार श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक बनने के साथ-साथ नगर की धार्मिक विरासत को भी समृद्ध करेगा। मंदिर परिसर में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम श्याम भक्तों एवं समस्त नागरिकों के लिए विशेष महत्व रखता है। समिति ने जिले के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं श्याम भक्तों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक एवं पुण्य अवसर के साक्षी बनें तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि आप सभी की गरिमामयी उपस्थिति हमारे लिए गौरव, प्रेरणा एवं उत्साह का विषय होगी। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं भी की गई हैं।




# पुलिस अधीक्षक ने सुनीं समस्याएं

**सिवनी नवभारत।** जिला पुलिस द्वारा आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा उनके त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान कई मामलों में तथ्यों का तत्काल संज्ञान लेते हुए मौके पर ही वैधानिक रूप से समाधान कर आवेदकों को राहत प्रदान की गई। शेष आवेदनों पर संबंधित थाना प्रभारियों को निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समय-सीमा में पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों एवं समाज के वंचित वर्गों की शिकायतों को प्राथमिकता देते हुए उनके मामलों में त्वरित विधिक कार्रवाई पर विशेष जोर दिया गया।



# सांसद ने प्रबुद्धजनों, बुजुर्गों और प्रमुखजनों का अभिनंदन कर किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 16 जून, मोदी सरकार के 12 साल विश्वास, विकास एवं जनकल्याण को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा शहर और गांवों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर इसे एक उत्साह के रूप में मनाया जा रहा है, इसी के तहत सांसद बंटी विवेक साहू भी शहर सहित गांवों में जाकर लोगों से जनसंपर्क करते हुए इस सफलतम 12 वर्ष के मोदी कार्यकाल के साक्षी बने प्रबुद्धजनों, बुजुर्गों और प्रमुखजनों का अभिनंदन करते हुए उनका सम्मान भी कर रहे है।**

मोदी सरकार के 12 साल विश्वास, विकास एवं जनकल्याण को लेकर को सांसद बंटी विवेक साहू ने मंगलवार को जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित सक्सेना और डॉक्टर अनिल सक्सेना के निवास स्थान पहुंचकर जहा उनसे भेंट की वहीं उनका अभिनंदन करते हुए उनका सम्मान भी किया। वहीं विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत राहुल भसीन और शिवेन्द्र सिंह रघुवंशी से मुलाकात करते हुए उनका अभिनंदन किया।

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अंतर्गत मक्का अरहर बीज वितरण

**छपारा नवभारत।** गत दिवस 15 जून को कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण कार्यक्रम किया गया जिसमें जनपद पंचायत के अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े की उपस्थिति में किसानों को श्री अन्न यानी मोटे अनाजों- जैसे ज्वार, बाजरा,कोदो,कुटकी,को बढ़ावा देने किसानों को बीज वितरण किया गया- कम पानी, कम लागत में अनुकूल जलवायु में खेती-पोषण सुरक्षा बढ़ाने - मिलेट्स सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के जरिए उन्नत बीज, माइक्रोन्यूट्रिएंट्स, बायो-इक्टिकाइड किट रियायती दर पर देना एंव राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन मोटा अनाज (मक्का) केंद्र सरकार का एनएफएसएम प्रोग्राम। इसमें धान,गेहूँ,दालें, मक्का और पोषक अनाजों का उत्पादन बढ़ाने हेतु सहायता दी जाती है।

मुफ्त/अनुदानित मिनीकिट हाईब्रिड बीज छोटे पैकेट में मुफ्त दिए जाते हैं। पहले आओ, पहले पाओ आधार पर भी बांटे जा रहे हैं।

किसानों को ट्रेनिंग बीटीएम, एटीएम द्वारा बीज लगाने के तरीके, मृदा परीक्षण, कीट प्रबंधन, जैविक खाद की जानकारी के साथ डेमो प्लॉट- NFSM हाईब्रिड धान/मक्का बीज का डेमो कर विशेषता बताई गई ऑनलाइन मांग पर किसान ऑनलाइन भी बीज मांग दर्ज कर अनुदानित दर पर ले सकते हैं।

कार्यक्रम में संतराम भलावी,लालचंद धुर्वे एसडीओ अनूप सिंह धुर्वे, लता डाहारे, वंश मनेश्वर,सुभाष धारकर एवं क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे ।



**आयोजन** | **मुझे यहां पर बीते 7 वर्षों में सभी का भरपूर सहयोग मिला श्री बाथम**

# आरटीओ बाथम ने अपने कार्यों से हर व्यक्ति के दिल में जगह बनाई : तेजवली

**सिवनी नवभारत।** शासकीय सेवा में व्यक्ति आता है और चला जाता है लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं जो अपने कार्यों से अपना विशिष्ट स्थान बना लेते हैं जब नए पत्ते आते हैं तो पुराने को वृक्ष छोड़ना पड़ता है यही स्थिति शिवानी के अतिरिक्त परिवहन विभाग में पदस्थ अधिकारी देव श बाथम की रही जिन्होंने इस आरटीओ विभाग के 42 साल के कार्यकाल में से 7 वर्ष अपनी सेवाएं दी और चाहे बस संचालक हो या एजेंट सभी के मन में अपना विशेष स्थान बनाया आज उनका विदाई समारोह के अवसर पर सब की आंखें नाम है और आज उनके कार्यकाल को याद कर रहे हैं उक्त उद्गार आरटीओ अधिकारी देवेश बाथम के स्थानांतरण के अवसर पर बस आपरेटर संघ के अध्यक्ष तेजवलिसिंह ने व्यक्त किये।



इस अवसर पर सिंह ट्रैवल के संचालक पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि लगभग 20 वर्षों से मैं बस के क्षेत्र में कार्य कर रहा हूं और मुझे जब भी किसी प्रकार की बस संबंधी समस्या आई है मैंने श्री बाथरूम के माध्यम से उसका समाधान निकाला मेरे लिए तो वह एक ऐसे न केवल अधिकारी थे बल्कि मित्र थे जो मेरे मुझे हमेशा सहयोग प्रदान करते रहे आज उनके स्थानांतरण से हमें दुख है लेकिन शासकीय सेवा में यह एक प्रक्रिया है हम तो यही कामना करते हैं कि वे जहां पर भी रहे खुश रहे। नंदन बस के संचालक चंद्रभान सिंह ठाकुर ने कहा कि आप एक ऐसे अधिकारी के रूप में सिवनी जिले में रहे जो लोगों के बीच में एक ऐसी मिसाल बने जिसके कारण परिवहन विभाग से जोड़ा हुआ हर व्यक्ति अभी भूत है आपने अपने कार्यकाल में चाहे करोना काल हो, या अन्य समाज सेवी कार्य सभी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सभी की मदद की आपके जाने से निश्चित ही हमें आपकी कमी हमेशा महसूस होगी इस अवसर पर जैन ट्रेवल्स के संचालक संजीव जैन, एस आर टी बस के संचालक श्री सनोदिया जी एवं बेसन के एजेंट तथा आरटीओ एजेंट ने भी अपनी बात रखी इस अवसर पर सभी बस संचार को द्वारा उनका अभिनंदन किया गया स्मृति चंद्र भेंट किया गया तथा भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की गई।

इस अवसर पर आरटीओ अधिकारी देवेश बात हमने कहा कि मुझे यहां पर ऐसा लग ही नहीं की मैं कोई सरकारी कर्मचारी हूं क्योंकि मेरे कार्य के दौरान मुझे यहां के सभी का भरपूर सहयोग मिला और मैंने जो सोचा था उसे करने में हमेशा सबका योगदान रहा जिसके परिणाम स्वरूप में 7 वर्षों तक यहां तक कार्यकर्ता रहा निश्चित ही में आप सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं और मुझे विश्वास है कि यहां आने वाले अधिकारी को भी मेरी तरह सहयोग एवं सम्मान मिलता रहेगा पुन: में सभी के प्रति कृतज्ञ करता हूं। इस अवसर पर अनेक लोगों ने सम्मान किया।


## कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति
## संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2026-27 (C-18)**

**बी.फार्मेसी पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) में लेटरल एण्ट्री के माध्यम से अर्हकारी परीक्षा के आधार पर**
**एवं**
**फार्म-डी (पीबी) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश हेतु (शासकीय, शासन द्वारा घोषित स्वशासी, अनुदान प्राप्त अशासकीय, अनुदान प्राप्त-सम विश्वविद्यालय (डीम्ड विश्वविद्यालय), स्वशासी एवं स्ववित्तीय-विश्वविद्यालयीन एवं निजी क्षेत्र की संस्थान)**

| केन्द्रीयकृत काउंसलिंग चरण | |
|---|---|
| **गतिविधियां** | **दिनांक/समय** |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 01.07.2026 से 30.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 31.07.2026 से 01.08.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 20.07.2026 से 03.08.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 04.08.2026 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 10.08.2026 से 17.08.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| **संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) काउंसलिंग के केन्द्रीयकृत चरण उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन** | **प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय** |
| 19.08.2026 से 23.08.2026 | 24.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 25.08.2026 से 29.08.2026 | 30.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 10.09.2026 से 15.09.2026 अंतिम तिथि को रजिस्ट्रेशन दोपहर 12:30 बजे तक रहेगा | 15.09.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 06:30 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

**प्रवेश निरस्त**

- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
- **संपर्क: -0755-6720205, 2660441 ई-मेल:- dte.helpcenter@mp.gov.in**

**अतिरिक्त संचालक**
**तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

म.प्र. माध्यम/126405/2026